**खबर संक्षेप**

### संयुक्त कार्यवाही कर दो वाहनों को किया जब्त

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशों के पालन में जिला टास्क फोर्स द्वारा खनिज एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ओवरलोड एवं अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। सोमवार रात्रि 11 बजे से मध्यरात्रि 3 बजे तक झिंझिरी बाईपास, पन्ना नाका, चाका बाईपास एवं बड़वारा रोड मझगवां सहित शहर के प्रमुख मार्गों पर खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गई। इस दौरान सुरकी टैंक के पास गिट्टी का ईटीपी से अधिक मात्रा में परिवहन करते हुए एक वाहन पकड़ा गया। वहीं पन्ना नाका नहर के पास लेटराइट खनिज का अधिक मात्रा में परिवहन करते हुए एक अन्य वाहन को जब्त किया गया।दोनों जब्त वाहनों को पुलिस थाना प्रभारी के सहयोग से कुठला थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। अवैध खनिज परिवहन के दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। संयुक्त कार्रवाई में उपसंचालक खनिज आर.के. दीक्षित, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा, खनि निरीक्षक कमलकांत परस्ते, सिपाही ज्ञानेन्द्र सिंह एवं कुठला थाना के उप निरीक्षक रवि शुक्ला पुलिस स्टाफ सहित उपस्थित रहे।

### लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर आज से

**कटनी।** जिले में समस्त सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला पेंशन कार्यालय कटनी में 17 से 19 दिसंबर तक पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। जिला पेंशन अधिकारी नीतू गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में लंबित पेंशन प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाना है। उन्होंने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से लंबित पेंशन प्रकरण आईएफएमआईएस के माध्यम से तैयार कर सेवा पुस्तिका सहित जिला पेंशन कार्यालय को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। साथ ही कहा है कि जो प्रकरण निराकरण योग्य नहीं है, कारण सहित उसकी जानकारी कार्यालय को उपलब्ध करायें।

### कंपकंपा देने वाली ठंड में अलाव की व्यवस्था नहीं

**विजयराघवगढ़।** कंपकंपा देने वाली ठंड का सितम जारी है। ऐसे में बेसहारा एवं मुसाफिरों को ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था तक नहीं कराई गई है। कड़कडाती ठंड का सबसे ज्यादा असर ऐसे लोगों पर पड़ता है जिनके पास ना तो छत है और ना ठंड से बचने के लिए पर्याप्त गर्म कपड़े। गरीब एवं मजदूर वर्ग के लोग अलाव के सहारे ही ठंड में राहत महसूस करते हैं किंतु नगर में अलाव की व्यवस्था कहीं नहीं की गई है। लोगों ने चौराहा, सार्वजनिक स्थलों में अलाव की मांग की गई थी किंतु किसी के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। नगर परिषद प्रशासन से अपेक्षा की गई है की ठंड को देखते हुए चौराहों सार्वजनिक स्थलों में अलाव की व्यवस्था कराई जाये।

**छात्राओं ने बताई अपनी समस्याएं, एसडीओपी ने तत्काल समाधान करने दिये निर्देश**

# बसों में वसूल रहे अधिक किराया बड़ी संख्या में छात्राएं पहुंच गई थाना

**प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग की व्यवस्था कराये जाने भी की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

बसों में अधिक किराया वसूली जाने से परेशानी छात्राएं सीधे थाना पहुंच गई और बसों में मनमाना किराया वसूलने की शिकायत की। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र का है। छात्राओं ने ढीमरखेड़ा थाना पहुंचकर एसडीओपी से लिखित शिकायत की। छात्राओं का आरोप है कि दूरस्थ गांवों से शासकीय महाविद्यालय आने वाली छात्राओं से बस कंडक्टर निर्धारित सरकारी दर से अधिक किराया ले रहे हैं। इससे ग्रामीण और गरीब तबके की छात्राओं को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस किराए की समस्या के समाधान के साथ ही छात्राओं ने एक और मांग रखी। उन्होंने थाना प्रभारी अभिषेक चौबे से अनुरोध किया कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग और मार्गदर्शन की व्यवस्था की जाए।




शिकायत के दौरान ढीमरखेड़ा भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष और ठिर्री ग्राम पंचायत की सरपंच छवि गौतम भी छात्राओं के साथ मौजूद थीं। उन्होंने अधिकारियों को ठिर्री गांव में अवैध शराब की बिक्री की समस्या से अवगत कराया। सरपंच गौतम ने बताया कि अवैध शराब की पेकारियों के कारण महिलाओं को छेड़खानी और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इन गतिविधियों को तत्काल बंद करने की मांग की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने थाना प्रभारी अभिषेक चौबे को सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

#### पुलिस ने दिया आश्वासन

थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि महाविद्यालय की छात्राओं ने बस किराए को लेकर शिकायत की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बस संचालकों से तत्काल चर्चा कर छात्र-छात्राओं के लिए उचित और निर्धारित दर पर बस व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि छात्राओं द्वारा शैक्षणिक मार्गदर्शन (कोचिंग) की मांग स्वागत योग्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग समय-समय पर बच्चों को शिक्षा और जागरूकता से संबंधित आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन उपलब्ध कराएगा।




## कंट्रोल रूम में हुई जन सुनवाई में 35 व्यक्तियों ने बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं समस्याओं के प्रभावी समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई के पुलिस कंट्रोल रूम कटनी के सभागार में पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर उपस्थित हुए।

पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

जनसुनवाई में कुल 35 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए। इनमें प्रमुख रूप से आपसी विवाद, पारिवारिक विवाद, पैसों के लेन-देन से जुड़े प्रकरण, सुनवाई न होने संबंधी शिकायतें, प्लॉट/जमीन से संबंधित धोखाधड़ी, भूमि विवाद, महिला अपराध से जुड़े मामले तथा अन्य पुलिस संबंधी समस्याएं शामिल रहीं।

#### कार्यवाही के दिये निर्देश

पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया एवं संबंधित थाना प्रभारी अथवा अधिकारियों को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।कुछ शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित होने के कारण संबंधित आवेदकों को उचित विभाग से संपर्क कर नियमानुसार कार्यवाही कराने हेतु समझाइश भी दी गई।

**कावसजी एवं वंशस्वरूप वार्ड में निर्माण कार्य की रखी गई आधारशिला**

## 40 लाख से होगा सीसी रोड का निर्माण, गुणवत्ता का ध्यान रखने दी गई हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कावसजी वार्ड और वंश्वरूप वार्ड के नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं स्थानीय पार्षद श्री संजू जीवन चौधरी,सुमित्रा रावत एवं वार्ड वासियों की उत्साहपूर्ण मौजूदगी मे 40 लाख रुपये की लागत से वार्ड के विभिन्न दो स्कूलों मे होने वाले सी.सी.रोड रोड के विकास कार्यों की आधारशिला विधिवत पूजन अर्चना उपरांत रखी गई। सुगम आवागमन की सौगात प्रदान करने पहुंची महापौर श्रीमती सूरी एवं उपस्थित अतिथियों का प्रफुल्लित वार्डवासी द्वारा पुष्पगुच्छ से जोरदार स्वागत किया गया।



कावस जी वार्ड के नागरिकों को विकास कार्यो की सौगात प्रदान करनें पहुंची महापौर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा भूमिपूजन के पूर्व स्थानीय नागरिकों के साथ सी.सी. रोड निर्माण कार्य के निर्माणाधीन दौनों स्थलों का निरीक्षण करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से न केवल आवागमन सुचारू होगा बल्कि क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को भी प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराए जाएं, ताकि नागरिकों को शीघ्र बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने वार्डवासियों से सड़क पूर्ण रूप से पकने के पश्चात ही आवागमन प्रारंभ कर विकास कार्यों में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें की आग्रह भी किया।

सुचारू आवागमन की सुविधा प्रदान करने हेतु लगभग 40 लाख की लागत से कराये जाने वाले

## राखड़ लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया



विजयराघवगढ़ से बरही मार्ग पर मंगलवार की सुबह 9 :00 बजे राखड़ से लोड ट्रक कोहरे की धुंध के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में किसी तरह की कोई जनहानी नहीं हुई है पर चालक का एक हाथ फैक्चर बताया जा रहा है वही परिचालक सुरक्षित हैं । जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 10 bq 6402 अनूपपुर के जैतहरी क्षेत्र से राखड़ लोड कर कैमोर जा रहा था लेकिन कोहरे की धुंध के कारण चालक को रोड समझ में नहीं आई और वह मोड में अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। ट्रक पलट जाने के कारण काफी नुकसान बताया जा रहा है। विजयराघवगढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## धान उपार्जन में लापरवाही बरतने पर शोकाज नोटिस जारी, जवाब तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करने में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर धान उपार्जन केन्द्र कछारगांव के खरीदी प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं धान उपार्जन केन्द्र खमतरा के खरीदी प्रभारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित 4 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब मांगा गया है।

जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि उपार्जन केंद्रों के निर्धारण के बाद उपार्जन केन्द्र कछारगांव के खरीदी प्रभारी रघुवीर सिंह बागरी और कम्प्यूटर ऑपरेटर अशोक मेहरा तथा धान उपार्जन केन्द्र खमतरा के प्रभारी दीनदयाल त्रिपाठी और कम्प्यूटर ऑपरेटर ललित प्यासी को केंद्र पर उपलब्ध 16 आवश्यक सुविधाओं की जानकारी उपार्जन केंद्र प्रभारी के लॉगिन से भारत सरकार के पोर्टल http://pcsap.in पर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। परंतु पोर्टल पर निम्न गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स अपलोड किए गये, जिसके कारण केंद्र की ग्रेडिंग 'लेवल-1' परिलक्षित हो रही है। इन दोनों खरीदी प्रभारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को पूर्व में भी PCSAP पोर्टल पर फोटोग्राफ्स अपलोड करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा चुका है और समय-समय पर आयोजित बैठकों में भी निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद, निर्देशों की अवहेलना करते हुए पोर्टल पर सही जानकारी अपलोड नहीं की गई। जो कि मध्य प्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी उपार्जन नीति के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने इन चारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुये कहा है कि क्यों न आपको आगामी खरीदी कार्य से ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही की जाय। साथ ही इसका उत्तर 3 दिवस के अन्दर समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

**न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड से भी किया गया दंडित**

## भट्टे में जलाकर हत्या करने के मामले में चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

यायालय नवम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कटनी द्वारा थाना कुठला के अपराध क्रमांक 529/2024 में हत्या के आरोपीगण आशीष सिंह गोंड, विनोद सिंह गोंड, रंजीत उर्फ गोलू सिंह गोंड, समन सिंह गोंड, बृजरानी सिंह गोंड को दोषसिद्ध करते हुये धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 5000/- रूपये (पृथक-पृथक) अर्थदण्ड एवं धारा 458 भादवि, 397 सहपठित धारा 34 में 07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000-3000/-रूपये (पृथक-पृथक) अर्थदण्ड एवं धारा 201 सहपठित धारा 34 भादवि में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000-2000/- रूपये (पृथक-पृथक) अर्थदण्ड एवं आरोपी ब्रजरानी सिंह को धारा 412 भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग द्वारा की गई।

मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि सूचनाकर्ता तीरथ विश्वकर्मा ने आरक्षी केंद्र कुठला में दिनांक-20.06.2024 को उपस्थित होकर इस आशय कि सुबह करीबन 8:36 बजे नवीन सिंह राठौर ग्राम मुढेहरा का फोन से उसे बताया कि उसके बड़े पिता समनू प्रसाद विश्वकर्मा भट्टा में नहीं है। मोबाईल में कॉल लगाया तो फोन बंद बता रहा था, वह उनका पता करने के लिए उनके परिवार के साथ मोटरसाईकिल से सिमको कंपनी भट्टा आ रहा था, जब देवरा खुर्द पहुंचा तो अमर सिंह का भांजा दीपक जो मुहास में रहता है, फोन से बताया कि तुम्हारे बड़े पिताजी को भट्टा में डाल दिये हैं। इसके बाद वे लोग सिमको कंपनी के भट्टा आये, भट्टे में भीड लगी थी, भट्टे से धुआं निकल रहा था, फिर वहां पर फायर ब्रिगेड आई और भट्टे में पानी डालकर आग को शांत किये और उसके बाद शब को अधजला भट्टे से बाहर निकाला गया, शव को उसने पहचाना, शव उसके बडे पिता समनू प्रसाद विश्वकर्मा का है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 302 एवं 201 भा.दं.सं. के अंतर्गत देहाती नालसी लेखबद्ध की गई। अनुसंधान के दौरान साक्षी के पुलिस कथन लेखबद्ध किये गये, साक्षीगण के पुलिस कथन के आधार पर आरोपी को गिरफतार किया गया।

संपूर्ण अनुसंधान के उपरांत आरोपीगण आशीष सिंह ठाकुर, विनोद सिंह गौड, रंजीत उर्फ गोलू सिंह गौड एवं सनम सिंह गौड एवं बजरानी सिंह के विरूद्ध धारा 302, 201, 460, 34, 120 बी एवं 397 भा.दं.सं. के अंतर्गत अभियोग पत्र संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

प्रकरण में विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक द्वारा न्यायालय के समक्ष समस्त सारवान साक्षी, दस्तावेज एवं वैज्ञानिक साक्ष्य प्रस्तुत कर आरोपीगण के विरूद्ध आरोप प्रमाणित कराया गया।

**निगमायुक्त ने योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा कर दिये निर्देश**

## अवैध मैरिज गार्डनों पर करें कार्यवाही, अवैध कालोनी निर्माण पर रखें नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नगर निगम में आयोजित समय-सीमा की बैठक में लंबित पत्रों, सी.एम. हेल्पलाइन, समग्र ई-के.वाईसी, विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं की अब तक की प्रगति की समीक्षा कर निगम अधिकारियों को मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में विगत टीएल मीटिंग में दिये गए निर्देशों के इम्प्लीमेंट हेतु किये गए कार्यो की समीक्षा भी निगमायुक्त ने की।

बैठक में निगमायुक्त ने निगम की विभिन्न शाखाओं से संबंधित टीएल के चिन्हित पत्रों की विस्तार से विभागवार समीक्षा करते हुए उनका प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय, सीएम मानिट की शिकायतों पर कार्यवाही करने तथा मानवाधिकार न्यायालय के लंबित प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर समय-सीमा में जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने श्रम विभाग द्वारा संचालित संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता के लंबित प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश योजना प्रभारी को दिए।

#### गंभीरता से करें कार्यवाही

निगमायुक्त ने बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए भवन अनुज्ञा, स्थाई अतिक्रमण, जल प्रदाय विभाग, आवारा मवेशी, पार्किंग, सीवेज सिविल एवं उद्यान की लंबित शिकायतों एवं 50 दिवस से अधिक की शिकायतों की समीक्षा कर संबंधित लेवल अधिकारियों को शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण की वर्तमान स्थिति संतुष्टिपूर्ण नहीं है अधिकारी प्रकरणों का निराकरण में गंभीरता से करें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने असंतोष जाहिर करते हुए शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने हेतु सुभाष चैक, माधवनगर, दुर्गा चैक खिरहनी सहित अन्य बाजार स्थलों में शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश एनयूएलएम सिटी मैनेजर यश रजक को दिए।

निगमायुक्त ने फायर एनओसी सर्टिफिकेट प्राप्त कर व्यवसाय अथवा प्रतिष्ठान संचालित करने वालों की जांच हेतु विगत बैठक में दिए निर्देशों की समीक्षा के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री को नियमानुसार एनओसी नहीं लेने वालों को नोटिस जारी करने तथा अवैध मैरिज संचालन के चार प्रकरणों पर अभियोजन की कार्यवाही करने के निर्देश प्रभारी कार्यपालन यंत्री को दिए।

#### दूध डेयरी संचालकों पर करे कार्यवाही

बैठक के दौरान नगर के दूध डेयरी संचालकों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं करने पर निगमायुक्त द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी पर गहन नाराजगी व्यक्त की जाकर आवारा मवेशियों पर ठोस कार्यवाही करने, नगर में संचालित डेयरी की जानकारी देनें तथा अमीरगंज स्थित गौशाला की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

नगर में कोई भी अवैध कॉलोनी विकसित न हो इस हेतु निगमायुक्त सुश्री परिहार ने निगम के उपयंत्रियों से उनके वार्ड में विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर निगरानी रखने हेतु रोजाना फील्ड में भ्रमण करने तथा राजस्व अमले का सहयोग लेकर खसरा नंबर आदि की जानकारी प्राप्त कर अवैध कॉलोनाइजर पर कार्यवाही करने के निर्देश उपयंत्रियों को दिए।

## जिले में अब तक 1 लाख 14 हजार 426 एमटी से अधिक धान उपार्जित, 51.19 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**अब तक 12 हजार 786 कृषकों से उपार्जित की जा चुकी है धान**

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में रविवार 16 दिसंबर तक कुल 12 हजार 786 कृषकों से अब तक 1 लाख 14 हजार 786 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 47 हजार 615 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 55 हजार 68 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। साथ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 51.19 रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 2416 किसानों से 22 हजार 621 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 2638 किसानों से 18 हजार 962 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है।

इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 2012 किसानों से 17 हजार 127 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील में 1524 कृषकों से 13 हजार 479 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। रीठी तहसील में अब तक की स्थिति में 1233 किसानों से 12 हजार 451 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 1063 किसानों से 10 हजार 993 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।

इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में 958 किसानों से 9 हजार 402 मीट्रिक टन धान तथा कटनी ग्रामीण एवं नगर तहसील में 942 किसानों से 9 हजार 391 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल, पन्नी सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### शीघ्र ही पुल निर्माण कराने की गई मांग

**सिलौडी।** समीपवर्ती ग्राम संगवा और लालपुर के बीच बना पुल तीन साल पहले पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर टूट गया था। क्षेत्र के जन प्रतिनिधि के प्रयासों से विधायक की अनुशंसा होने के बाद 11 करोड़ की लागत से पुल स्वीकृत हो गया था । परंतु अभी तक पुल निर्माण कार्य शुरू नही होने के कारण आम जनता को कटनी जाने ,छात्र छात्राओं को स्कूल जाने में बहुत परेशानी हो रही है । छात्र छात्राओं को स्कूल जाने में नदी में पानी होने के कारण पांच किलो मीटर घूम कर स्कूल जाना पड़ता है। कटनी जिला मुख्यालय जाने वाले लोगों को भी दूसरे मार्ग से अधिक दूरी तय करना पड़ता है। ग्रामीण ने जल्द से जल्द पुल निर्माण की मांग किया है।

### सतीश जिला उपाध्यक्ष, कमलेश जिला मंत्री बने

**स्लीमनाबाद।** भाजपा ने कटनी जिला इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से यह सूची जारी की गई। जिला अध्यक्ष दीपक सोनी 'टंडन' द्वारा जारी सूची के अनुसार संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं।घोषित सूची के अनुसार कुआँ मंडल के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश नायक को जिला उपाध्यक्ष तों बाकल मंडल के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश सेन को जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया है।नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि नवगठित टीम संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त करते हुए आगामी चुनावों एवं कार्यक्रमों में प्रभावी भूमिका निभाएगी।विधायक प्रणय पांडेय ने दोनों ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर बधाई दी।

### उम्मीद ग्रुप द्वारा गरीबों को किया गया कंबल वितरण



**बड़वारा।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए उम्मीद ग्रुप द्वारा जरूरतमंद, असहाय एवं फुटपाथ पर सोने वाले लोगों को कंबल वितरित किए गए। ग्रुप का उद्देश्य है कि समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुँचाई जा सके। इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य ठंड से राहत पहुँचाना तथा मानवता की सेवा करना रहा।कार्यक्रम के दौरान उम्मीद ग्रुप के सदस्यों ने कटनी रेलवे स्टेशन,आजाद चौक सहित विभिन्न स्थानों पर पहुँचकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर सदस्यों ने बताया कि ग्रुप पूर्व से ही निरंतर समाजसेवा के कार्य करता आ रहा है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे।

लंबित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने दिये निर्देश

# गलत मैपिंग मामले में अनुशंसा पर जताई नाराजगी, दो तहसीलदारों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सभी जनपद पंचायतों के सीईओ आधार कैंप के माध्यम से नागरिकों के आधार अपडेट कराकर समग्र ई-केवाईसी कार्य को पूर्ण करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। बैठक के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक के माध्यम से टीएल बैठक में वर्चुअली नहीं जुड़ने पर कलेक्टर श्री तिवारी ने गैर न्यायिक तहसीलदार विजयराघवगढ़ प्रसन्न वर्मा और कटनी हर्षवर्धन रामटेके को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने समग्र में गलत मैपिंग के मामले मे अनुशंसा पर नाराजगी जाहिर करते हुये सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को सख्त हिदायत दी। कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएमचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर को जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी से समन्वय करते हुये कार्ययोजना बनाकर जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), लंबित पेंशन प्रकरणों, नगर निगम एवं नगर परिषद के भूमि आवंटन प्रकरणों की भी समीक्षा की।

बैठक के दौरान बताया गया कि ग्राम पंचायतों में लग रहे आधार कैंप में प्रतिदिन 600 से 700 नागरिकों को लाभान्वित किया जा रहा है। आधार कैंपों के माध्यम से अब तक लगभग 6 हजार बच्चों के आधार अपडेट किये जा चुके हैं। इसी प्रकार पिछले एक सप्ताह में जिले में 5 हजार 693 अपार आईडी बनाई गई है। वहीं

### खुले में नहीं रखें धान

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन की समीक्षा की दौरान एक गोदाम फुल होने पर ही भंडारण अन्य गोदाम में शिफ्ट कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों पर धान खुले में न रखकर गोदाम के अंदर ही रखी जाय। उन्होंने अधिकारियों को अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये।

### अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों में तहसीलदार दें अपना अभिमत

कलेक्टर ने अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों की समीक्षा करते हुये सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि पटवारी प्रतिवेदन अपने अभिमत सहित एसडीएम को भेंजे। साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम को भी निर्देशित किया कि प्ररकणों को स्वीकार करने से पूर्व एसडीएम सभी दस्तावेज एक बार अवश्य देखें। कलेक्टर ने अभिलेख दुरूस्ती के प्रतिवेदन बनाने हेतु नवीन पटवारियों को ट्रेनिंग दिलाये जाने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिये।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने लंबे समय से लंबित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने रबी सीजन के मद्देनजर लंबित सीमांकन प्रकरणों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये।

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग, वन, कृषि, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जल संसाधन विभाग, स्कूल शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, नगरीय विकास, खनिज, पीएचई, अनुसूचित जाति कल्याण, सहकारिता, परिवहन, उर्जा, योजना सांख्यिकी एवं वाणिज्यिक कर विभाग की समीक्षा की। उन्होंने इन सभी विभागों को लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण कर रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अंतर्गत तहसीलवार लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की भी समीक्षा करते हुये सभी तहसीलदारों को पूरी गंभीरता के साथ शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए।



# महाविद्यालय बड़वारा की टीम सेमीफाइनल में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेलकूद कैलेंडर सत्र 2025-26 अंतर्गत जिला स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 12 से 15 दिसंबर तक कटनी आर्ट्स एन्ड कॉमर्स कॉलेज कटनी के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कटनी जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। जिसमें बड़वारा महाविद्यालय की टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। साथ ही बड़वारा महाविद्यालय के तीन छात्र रामानुज कचेर, नितेंद्र प्रताप सिंह एवं हिमांशु सोनी का चयन आगामी दिनों में मंडला में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए कटनी जिला दल में किया गया है। इसके साथ ही जिला स्तरीय क्रिकेट महिला चयन ट्रायल का आयोजन दिनांक 13 दिसंबर को शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ के द्वारा किया गया। जिसमें कटनी जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसके बाद बड़वारा महाविद्यालय की कुल 6 छात्राओं- रेखा रजक, मुस्कान, शालिनी गुप्ता, रिया यादव, अनुपमा सिंह एवं रजनी सिंह का चयन कटनी जिला दल में किया गया है। चयनित छात्राएं नरसिंहपुर में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय क्रिकेट महिला प्रतियोगिता में कटनी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

बड़वारा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि अन्य खेलों के साथ साथ क्रिकेट जैसे बड़े खेलों में भी यहाँ के खिलाड़ी अपना लोहा मनवा रहे हैं। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता हेतु अभ्यास किया है। छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल. के. सिंह एवं समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं ।

उच्च अधिकारियों को दी जानकारी, जांच के बाद होगी कार्यवाही

# संकुल केंद्र झिन्ना पिपरिया के लिपिक द्वारा अतिथि शिक्षक के वेतन में लाखों का घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा




तीन अतिथि शिक्षकों का वेतन उनके खातों में करने की बजाये लिपिक द्वारा अपने सगे संबंधियों के खाते में अंतरित कर लाखों की घपलेबाजी की गई। यह मामला ढीमरखेड़ा जनपद के संकुल केंद्र झिन्ना पिपरिया का है। यहां पदस्थ लिपिक संदीप कोरी द्वारा कई महीनो से अतिथि शिक्षकों का वेतन अपने संबंधियों के खाते में एवं स्वयं के खाते में डाले जाने के आरोप हैं।

### वेतन नहीं मिलने की शिकायत पर पता चला

जब अतिथि शिक्षकों के खातों में वेतन नहीं आया तो शिकायत के की गई। इसके उपरांत यह मामला उजागर हुआ। अतिथि शिक्षक सरोज बाई बर्मन कटरा स्कूल में पदस्थ, साधना पटेल खंडवारा स्कूल में पदस्थ एवं तीसरा अतिथि शिक्षक अलका बेगम उमरपानी स्कूल में पदस्थ है। तीनों अतिथियों शिक्षकों का वेतन उनके खाते में ना डालकर नियम विरुद्ध तरीके से दूसरे खातों में अंतरित की गई।

### 3 लाख की घपलेबाजी

विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती सयुंक्ता उइके से उनके दूरभाष में संपर्क किया गया लेकिन उनके द्वारा इस मामले को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई और फोन बंद कर लिया गया। इसके उपरांत कार्यालय की लिपिक के रविंद्र सिंह ठाकुर से संपर्क करने पर यह बताया गया कि लगभग 300000 का घोटाला सामने आया है।

सूत्रों के अनुसार संकुल से बिल बनाकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढीमरखेड़ा आहरण संवितरण द्वारा अतिथि शिक्षकों का वेतन होता है जिससे कई महीनो से फर्जीवाड़ा चल रहा था।

### इनका कहना है

इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य रोहिणी झरिया का कहना है कि यह मामला संज्ञान में आया है और इस विषय की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। जांच करवाई जा रही है दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

## छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोहा



नालंदा विद्यालय में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि प्रीति संजीव सूरी महापौर नगर निगम कटनी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रवीजा पटेल एजुकेशनल प्रमोटर जबलपुर, श्रीमती चित्रा प्रभात प्राचार्या कन्या महाविद्यालय, प्रदीप पंड्या जनरल मैनेजर सेंट्रल इंडिया टोबेको के आतिथ्य में समस्त कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने प्रस्तुति दे रहे छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया । कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वागत गीत की प्रस्तुति के पश्चात लोक संगीत एवं नृत्य का शानदार प्रस्तुतीकरण किया गया। जहां एक ओर नर्सरी एवं केजी के छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति पर उपस्थित अभिभावक मंत्र मुग्ध हुए, वहीं राजस्थानी घूमर नृत्य एवं गुजराती नृत्य को देखकर उपस्थित जन समुदाय ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की । कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं सर्टिफिकेट देकर पुरष्कृत किया गया । सिविल लाइन प्राचार्या श्रीमती जूही शेरवानी द्वारा सभी शाखाओं का संयुक्त वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा गया । कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ संध्या खरे द्वारा अतिथियों अभिभावकों छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित जन समुदाय का आभार किया गया ।

# माध्यमिक शाला झिंझरी में व्याप्त अनियमितताओं पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



भीम आर्मी उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी ने शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी में अनियमितताओं को लेकर संकुल प्राचार्य बड़वारा को ज्ञापन सौंपा है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि बच्चे बताते हुई दिख रहे है कि पानी के लिए कितना भटकना पड़ता है। मैदान साफ नहीं है । छत से पानी आता है और भी बहुत कुछ। शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी बड़वारा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम झिंझरी में शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी में बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी का भवन जर्जर है। जिससे बरसात में पानी रिसता है। छत टूट टूट कर गिर रही है। जिससे बच्चों की जान को खतरा बना रहता है। बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर विद्या अर्जित कर रहे हैं। शाला झिझरी में शौचालय नाम मात्र का बना है। उसका उपयोग बच्चों के द्वारा नहीं किया जा रहा। क्योंकि शौचालय का दरवाजा आज दिनांक तक बंद है। टंकी में पानी नहीं है जिस कारण वश बालक बालिकाएं खुले में शौच करने को विवश है। शाला में ग्राउंड में झाड़ झाड़ियां है। जिस कारण वश बच्चे खेल नहीं पाते हैं। बच्चों की प्रतिभा को दबाया जा रहा है।

शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी में बाउंड्री नहीं है। चूंकि शाला के बाजू में रेलवे लाइन है जिससे अनहोनी होने की समस्या बनी रहती है । विद्यालय में पीने वाला पानी की व्यवस्था नहीं है। जिस कारणवश विद्यार्थी 1/2 से 1 किलोमीटर दूर जाकर पानी पीने को मजबूर है।विद्यालय परिषद की जांच कर स्टाफ के खिलाफ कार्यवाही की जाए अन्यथा भीम आर्मी भारत एकता मिशन शिक्षा विभाग कटनी का घेराव करने के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जबावदारी शासन प्रशासन की होगी।

इस दौरान भीम आर्मी उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी , तहसील अध्यक्ष अंग्रेज सिंह, प्रियंका नामदेव, नगेंद्र अहिवार, प्रीतम आदि मौजूद रहे।

कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यालयों में दी जा रही जानकारी

# प्राध्यापकों के दल ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग की योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



शासकीय महाविद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 मे विद्यार्थी अधिक से अधिक प्रवेश लें इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद के द्वारा कॉलेज चलो अभियान 2026 चलाया जा रहा है ।अभियान के तहत महाविद्यालय की ओर से प्राध्यापक आशुतोष सोनी, सत्येंद्र सोनी व डॉ बालेन्द्र सिंह सहित अन्य महाविद्यालय स्टॉफ के द्वारा सोमवार को सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व आदर्श विद्यापीठ हायर सेकेण्डरी स्कूल पहुँचा।जहां प्राध्यापक दल ने विद्यालय के विद्यार्थियो को प्रवेश प्रक्रिया के साथ प्रवेश के दौरान होने वाली विभिन्न परेशानियों एवं उस समय किन सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए के संबंध में विस्तार से जानकारियां दी।महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम, सुविधाओं, शासन द्वारा संचालित गांव की बेटी, मुख्य मंत्री मेधावी जैसी प्रोत्साहन एवं विभिन्न छात्रवृति योजनाओं जैसे संबल, आवास, एससी/एसटी,ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियो के लिए पोस्ट मैट्रिक के साथ संचालित अन्य योजनाओं से भी विद्यार्थियो को अवगत कराया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों से विद्यार्थियो को अवगत कराते हुए उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया गया! महाविद्यालय में उपलब्ध स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की अध्ययन की सुविधा, व्यक्तित्व विकास योजनाएं, एनसीसी, एनएसएस कौशल विकास की जानकारी, प्लेसमेंट की जानकारी, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की जानकारी, कैरियर अवसर मेला, व्यावसायिक पाठ्यक्रम, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकरी एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा दी गईं। वही स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, क्रीड़ा के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के संबंध में भी विद्यार्थियो को अवगत कराया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, कैरियर अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रयोगशाला, खेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गईं। कैरियर कॉउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय चयन, उच्च अध्ययन, रोजगार एवं कौशल आधारित शिक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।

नागरिकों को मूलभूत सुविधायें मुहैया कराना ही उद्देश्य

# 94 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर के नेहरू वार्ड में नगर विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल देखने को मिली, जब लगभग 94 लाख रुपये की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित सड़क, नाली, द्वार और उद्यान जैसे बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं क्षेत्रीय पार्षद शशिकांत तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में भव्य रूप से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व सुभाष साहू, डॉ. रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद श्रीमती वंदना राजकिशोर यादव, श्रीमती शकुंतला सोनी, श्रीमती संजू जीवन चौधरी, सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क, नाली और सार्वजनिक स्थलों के विकास से नागरिकों को स्वच्छ वातावरण, बेहतर यातायात और जीवन स्तर में सुधार मिलेगा। सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ किया जाएगा।

क्षेत्रीय पार्षद शशिकांत तिवारी ने कहा कि इन कार्यों से नेहरू वार्ड की वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा और नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से पार्क जैसी सार्वजनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू वार्ड स्थित माधवनगर में श्रीराम द्वार (गेट) एवं हाउसिंग बोर्ड टिनी टॉट्स स्कूल के पास नवनिर्मित पार्क का विधिवत लोकार्पण महापौर, क्षेत्रीय पार्षद की उपस्थिति में डॉ. ऋषभ जैन के करकमलों द्वारा फीता काटकर कराया गया।

वार्ड में श्री राम द्वार एवं पार्क न केवल सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करेंगे, बल्कि यह स्थान नागरिकों के लिए विश्राम और मनोरंजन का प्रमुख केंद्र भी बनेंगे।

कार्यक्रम के समापन पर क्षेत्रीय उपयंत्री द्वारा निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई, वहीं क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों की सराहना की।

इस दौरान क्षेत्रीय नागरिक विजय पांडेय,अजय जैन,टीकाराम विश्वकर्मा,गौरव सियाल,डब्बू दुग्गल,लालमन रजक,कपिल आनंद,जम्मू सेन,श्री भट्टाचार्य,श्री ग्रोवर,संजू बर्मन,पिंकी जैन,उपयंत्री संजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# एक माह नहीं होंगे मांगलिक एवं वैवाहिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

14 जनवरी मकर संक्रांति तक अब न तो शहनाई बजेगी न ही शुभ - मांगलिक कार्य होंगे क्योंकि 16 दिसंबर यानि मंगलवार से खरमास का प्रारंभ हो जायेगा जो 14 जनवरी तक एक माह रहेगा।इस एक माह में विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होंगे।इस दौरान विवाह, सगाई, यज्ञ, गृह प्रवेश आदि शुभ कार्य नहीं होंगे। साथ ही नया घर या वाहन आदि खरीदना भी वर्जित हैं।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि 16 दिसम्बर से खरमास शुरू हो जायेगा जो नए साल में 14 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति के दिन समाप्त हो होगा।ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य देव के एक राशि से दूसरे राशि में स्थान बदलने की प्रक्रिया को संक्रांति कहते हैं।सूर्य देव के धनु राशि में प्रवेश करते ही खरमास का आगाज हो गया है। सूर्य देव 14 जनवरी को धुन राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे, तो मकर संक्रांति पड़ेगी। वर्ष भर दो खरमास लगता है।एक खरमास मध्य मार्च से मध्य अप्रैल के बीच और दूसरा खरमास मध्य दिसंबर से मध्य जनवरी तक होता है। इस समय सूर्य की उपासना करने का विशेष महत्व माना जाता है।खासतौर पर जिनकी कुंडली मे सूर्य की कमजोर स्थिति हो उन्हें खरमास के दौरान सूर्य उपासना करनी चाहिए।शास्त्रों में खरमास का महीना शुभ नहीं माना गया है।इस अवधि में मांगलिक कार्य करना प्रतिबंधित है।

### खरमास के बाद भी नही बजेगी शहनाई

पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि16 दिसंबर को सुबह 4 बजकर 27 मिनट पर सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के इस गोचर के साथ ही खरमास का आरंभ माना जाएगा। हिंदू धर्म में खरमास को अशुभ समय माना गया है, क्योंकि इस अवधि में सूर्य गुरु की राशि धनु में रहते हैं। ऐसा माना जाता है कि, इस समय सूर्य का तेज और प्रभाव कुछ कम हो जाता है, जिसके कारण शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्य करने की सख्त मनाही होती हैं।

इस दौरान घर में खरमास प्रारंभ से समापन तक इन तीन कार्यों को करने से बचना चाहिए अन्यथा सुख-सौभाग्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। साथ ही तनाव, रोग और कठिनाइयां भी बढ़ सकती हैं। जब सूर्य धनु में प्रवेश करते हैं तो खरमास शुरू होता है। नए साल में 14 जनवरी को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसी के साथ खरमास समाप्त हो जाएगा, लेकिन जनवरी में शुक्र उदय नहीं हो रहे हैं। इसके कारण विवाह का मुहूर्त फरवरी के पहले सप्ताह में है। बृहस्पति, शुक्र उदय होने के बाद ही विवाह के मुहूर्त बनते हैं।

**इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेसर्स श्री सालासर सेल्स प्रोपराइटर श्रीमति भावना बगडिया केयर आफ पुरुषोत्तम एच. पी. गैस एजेंसी पुराना पशु चिकित्सालय के सामने नई बस्ती कटनी जिला कटनी के द्वारा का प्लॉट नंबर सी-7 इंडस्ट्रियल एरिया लमतरा मुडवारा तहसील कटनी जिला कटनी में स्थित भूमि पर भू-भाग एरिया 45x72.66-3270 वर्ग मीटर में प्रस्तावित पेट्रोलियम वर्ग **A**, **B**, **C** के भण्डारण हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी प्रति संलग्न कर प्रेषित है। अतः आवेदक कंपनी को उक्त कार्य के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में यदि किसी भी संस्था/व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर स्वयं या अपने प्रतिनिधि के द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपति प्रस्तुत कर सकते है। नियम समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**खबर संक्षेप**

### एक सप्ताह से लापता 4 वर्षीय बालक का अब तक नहीं लगा सुराग

**पन्ना।** जिले के गुनोर जनपद पंचायत अंतर्गत आने बाले ग्राम जसवंतपुरा से करीब एक सप्ताह पूर्व लापता हुए चार वर्षीय बालक दुर्गेश उर्फ सोरभ का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। बालक के अचानक लापता होने से गांव में दहशत और परिजनों में गहरी चिंता बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अमानगंज पुलिस द्वारा तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। इसी क्रम में अमानगंज थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम तथा डॉग स्क्वॉड की टीम गांव जसवंतपुरा पहुंची और बालक की तलाश के लिए सघन अभियान चलाया गया। पुलिस एवं डॉग स्क्वॉड टीम ने गांव के आसपास के खेतों, जंगल, तालाब, सूने स्थानों और संभावित मार्गों पर बारीकी से जांच की। इस दौरान ग्राम सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे और पुलिस को हरसंभव सहयोग दिया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि किसी को भी बालक के संबंध में कोई संदिग्ध जानकारी या गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल अमानगंज थाना पुलिस को सूचित करें।

### मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर महिला वन कर्मी ने की आत्महत्या

**पन्ना।** पन्ना जिले के विश्रामगंज वन रेंज में पदस्थ एक महिला कर्मचारी श्रीमती आशा वर्मा ने कथित तौर पर मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर रविवार, 15 दिसंबर 2025 को अपने शासकीय आवास में जहर खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उनका दुःखद निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, श्रीमती आशा वर्मा ने रविवार दोपहर करीब 12 बजे अपने आधिकारिक निवास पर जहरीला पदार्थ खाया था। घटना की सूचना मिलने पर उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से हालत गंभीर होने के कारण उन्हें रीवा के संजय गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश, सोमवार को उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर श्रीमती वर्मा के शासकीय आवास को सील कर दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और सभी संभावित कारणों की पड़ताल की जा रही है। श्रीमती वर्मा का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम नागौद (जिला सतना) में किया गया। इस दुःखद घटना से एक बेटा और एक बेटी ने अपनी माँ को खो दिया है, जिससे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### ड्रोन निषिद्ध क्षेत्र घोषित

पन्ना। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धार 163 अंतर्गत आगामी 2 माह के लिए डायमण्ड मायनिंग प्रोजेक्ट मझगवां के निर्धारित 6 क्षेत्र को ड्रोन निषिद्ध क्षेत्र घोषित किया है। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि हीरा खनन परियोजना मझगवां के द्वारा अवगत कराया गया था कि जिले में यह परियोजना क्षेत्र पन्ना टाईगर रिजर्व के बीच में स्थित है।

कैमरे बंद होने के कारण पुलिस असामाजिक तत्वों की नहीं कर पा निगरानी

# सुरक्षा की चूक, तीसरी आंख पडी बंद: 13 में से सिर्फ 3 सीसीटीव्ही कैमरे चालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा

नगर की सुरक्षा में चैराहों एवं मुख्य सड़क मार्गो में नगर परिषद के द्वारा लगाएं गए सीसीटीव्ही कैमरे कई महीनों से बंद पडे हैं। इन दिनों नगर में कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं एक सप्ताह के अंदर छात्राओं को जबरन गाडी में बिठाएं जाने के मामले सामने आएं हैं लेकिन सीसीटीव्ही कैमरे चालू न होने के कारण पुलिस को कोई खास सफलता नहीं मिल पाई हैं। ज्ञात हो कि नगर परिषद के द्वारा नगर की सुरक्षा की दृष्टि से लगभग 12 से 13 कैमरे तारादेही तिराहा, हाईस्कूल के पास, दमोह मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास लगाएं गए हैं। जिसका कंट्रौल रूम पुलिस थाना में हैं। कैमरे की क्वालिटी सही नहीं होने के कारण जूम करके देखने पर वाहन तक पहचान में नहीं आता तो नंबर प्लेट पढ़ने की बात तो छोड़ ही



दीजिए। पुलिस विभाग के द्वारा नगर परिषद को पत्र के माध्यम से सीसीटीव्ही कैमरे बंद होने की जानकारी भेज दी गई थी लेकिन कुछ दिनों तक कैमरे सुधार कार्य के बाद चालू रहे वर्तमान स्थिती में 2 से 3 कैमरे ही चालू हैं बाकी कई महीनों से बंद पडे हैं। पुलिस थाना के कंट्रौल रूम में टीवी तक बंद पडी हैं। नगर के गणमान्य नागरिकों ने मांग की हैं कि संपूर्ण कैमरे उच्च गुणवत्ता के लगाएं जाएं साथ ही कैमरों के रखरखाव के लिए नगर परिषद समय समय पर सुधार कार्य कराती रहे। जिससे नगर में होने वाले अपराधों के अपराधियों तक पुलिस को पहुंचने में आसानी होंगी।

सीएमओ पीयूष अग्रवाल ने कहा कि अभी नवरात्रि के समय पुलिस थाना से सूचना प्राप्त होने पर सभी कैमरे ठीक करवाएं गए थे। वर्तमान में कैमरे बंद होने की सूचना पुलिस के द्वारा नहीं दी गई हैं। लेकिन एक दो दिन संपूर्ण कैमरे ठीक करवा दिए जाएंगे। इसके अलावा नगर में नए कैमरे लगवाने के लिए टीपीआर तैयार कर शासन को भेजा गया हैं। जैस ही स्वीकृति प्राप्त होती हैं अच्छी क्वालिटी के कैमरे लगाएं

## नगर के साप्ताहिक बाजार में बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था, आमजन परेशान

**तेंदूखेड़ा।** नगर में प्रत्येक मंगलवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार अब आम जनता के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। बाजार के दिन ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है, जिससे हर प्रमुख मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। अव्यवस्थित यातायात के कारण राहगीरों, वाहन चालकों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साप्ताहिक बाजार नगर के मुख्य मार्ग पर लगता है, जहां पहले से ही यातायात का दबाव अधिक रहता है। बाजार के दिन हाथ ठेले, सब्जी विक्रेता, फल विक्रेता और अन्य दुकानदार सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से अपनी दुकानें लगा लेते हैं। विशेष रूप से कानपुर की ओर से आने वाले हाथ ठेले और वाहन मुख्य मार्ग पर खड़े हो जाते हैं, जिससे सड़क की



चौड़ाई काफी कम हो जाती है। परिणामस्वरूप, दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही बाधित हो जाती है और लंबा जाम लग जाता है। पुलिस और नगर प्रशासन द्वारा कोई ठोस व्यवस्था न किए जाने के कारण स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। बाजार के दौरान न तो वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की जाती है और न ही ठेले वालों के लिए कोई निर्धारित स्थान तय किया गया है। इससे एंबुलेंस, स्कूल वाहन और आपातकालीन सेवाओं को भी जाम में फंसना पड़ता है, जो अत्यंत चिंताजनक है। नगर की साप्ताहिक बाजार में ग्रामीण अंचलों से काफी संख्या में दो पहिया लेकर लोग बाजार करने आते हैं जो सड़क के आजू-बाजू अपनी बाहन खड़े कर देते हैं जिस भी व्यवस्था अवस्थित रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से इस समस्या की शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो किसी बड़ी दुर्घटना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। नगरवासियों की मांग है कि साप्ताहिक बाजार के लिए अलग स्थान निर्धारित किया जाए, मुख्य मार्ग से हाथ ठेलों को हटाया जाए तथा बाजार के दिन विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जाए। साथ ही ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ाकर व्यवस्था को सुचारु बनाया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और नगर की यातायात व्यवस्था सुधर सके। नगर निरीक्षक राघवेंद्र बागरी का कहना है कि हमने व्यवस्था सुधारने के लिए नगर परिषद के सीएमओ से भी इस संबंध में चर्चा की है उनके कर्मचारियों का भी सहयोग हम लेंगे शीघ्र व्यवस्था में सुधार के लिए हम प्रयास करेंगे ताकि आम जनों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।

## हरिनाम संकीर्तन का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

असाटी वार्ड नंबर 1 स्थित शिक्षक और असाटी समाज के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री महेश असाटी के निवास पर भव्य श्री हरिनाम संकीर्तन का आयोजन हुआ गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय के रसिक संत श्री श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज के आगमन पर पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया श्रद्धालुओं ने श्री गुरु वंदना और भजनों में झूमते हुए आनंद लिया। संत ने धर्म प्रवचन में कहा कि भगवान श्री कृष्ण भक्तों की रक्षा हर हाल में करते हैं और कलयुग के जीवों को कीर्तन के माध्यम से भक्ति का मार्ग दिखाते हैं उन्होंने बताया कि जब भक्त पुकारते हैं तब भगवान तत्पर होकर सहायता करते हैं और जीवन में शांति और सुख प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में श्री गौर राधा रमण मंदिर दमोह के सभी भक्त उपस्थित रहे और भक्ति, आनंद और उत्साह का माहौल बना रहा श्रद्धालुओं ने झूमते हुए भजनों का आनंद लिया और हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से आत्मिक शांति अनुभव की।

वक्ताओं और समाज के सदस्यों ने कहा कि यह आयोजन न केवल भक्ति का संगम था बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आनंद भरने वाला अवसर भी साबित हुआ। इस मौके पर भक्तों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मानवता, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना को जगाते हैं।

## पथरिया विधानसभा को जल्द मिलेगी केंद्रीय विद्यालय की सौगात-राज्यमंत्री

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से सौजन्य भेंट कर पथरिया में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। केंद्रीय विद्यालय संगठन, जबलपुर के पत्रानुसार भूमि साध्यता रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। पथरिया में आरक्षित स्कूल भवन में ही केवी कक्षाएं प्रारंभ करने हेतु निवेदन किया है। इस अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, होशंगाबाद-नरसिंहपुर सांसद धरशन सिंह चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## कॉलेज चलो अभियान में छात्रों को बता रहे उच्च शिक्षा का महत्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

राघवेंद्र सिंह हजारी शासकीय महाविद्यालय हटा द्वारा 'कॉलेज चलो अभियान' के अंतर्गत हटा क्षेत्रांतर्गत आने वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का भ्रमण कर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विधिक जानकारी प्रदान की जा रही है। कॉलेज चलो अभियान की नोडल अधिकारी श्रीमती आशा राठौर एवं महाविद्यालय के अन्य अधिकारियों द्वारा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा, शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा, शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटा का भ्रमण कर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक श्रीमती आशा,डॉ राहुल चौधरी, श्रीमती ममता सोनी, डॉ ज्योति सेन एवं अन्य महाविद्यालयीन अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय की ई-प्रवेश प्रक्रिया,राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, विविध छात्रवृत्ति योजनाओं, करियर मार्गदर्शन, खेलकूद गतिविधियों, राष्ट्रीय सेवा योजना, सांस्कृतिक गतिविधियों,कौशल आधारित पाठ्यक्रमों, स्वयं पोर्टल के माध्यम से अध्ययन आदि विविध सुविधाओं के बारे महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कक्षा 12वीं के पश्चात सभी विद्यार्थी महाविद्यालयों में प्रवेश ले, इस हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। सभी बच्चों ने अत्यंत ध्यान पूर्वक सभी बातों को सुना एवं प्रश्न पूछे, जिनका समाधान किया गया। महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सारी सुविधाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार अहिरवार के मार्गदर्शन एवं सभी विद्यालयों के प्राचार्यो के सहयोग से 'कॉलेज चलो अभियान' सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में महाविद्यालय के छात्र विपिन प्यासी, केशवेन्द्र कुशवाहा, सत्यम दहिया आदि निरंतर सहयोग कर रहे हैं।

## साहू समाज की नई कार्यकारिणी गठित

**हिण्डोरिया।** नगर में साहू समाज की स्थानीय नवनिर्मित धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष के द्वारा नई कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए तीन उपाध्यक्ष , तीन कोषाध्यक्ष एवं दो सचिव सहित सदस्यों की घोषणा की, जो समाज के लोगों के बीच समन्वय स्थापित कर सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के हितों की रक्षा करेंगे। बैठक के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल प्रसाद साहू के द्वारा सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया 1 जिसमें अरविंद साहू नन्ही माता, संकेत साहू सोमवारा मोहल्ला, शारदा साहू मेन मार्केट को उपाध्यक्ष बनाया गया 1 इसी प्रकार प्रिंस साहू मैन मार्केट, शिवम साहू, प्रवेंद्र साहू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मुन्नालाल साहू नन्ही माता एवं रमेश साहू को सचिव बनाया गया । इसी प्रकार हरिशंकर पचरैया, संतोष साहू भिलाई वाले, धर्मेंद्र साहू सोमवारा मोहल्ला, अशोक साहू नन्ही माता को समिति का सदस्य बनाया गया। इसके साथ ही धर्मशाला निर्माण समिति जिसमें पार्षद प्रेम नारायण साहू, रामप्रसाद साहू शिक्षक, कोमल साहू ,लक्ष्मण बड्डा ,गोल्डी साहू, शिव प्रसाद साहू, अग्गू साहू, राजेंद्र साहू आदि को रखा गया।

## बीएलबीसी की बैठक में योजनाओं की हुई समीक्षा

**जबेरा।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सभागार में ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति बीएलबीसी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अग्रणी बैंक प्रबंधक एलडीएम हेमंत कुमार के मार्गदर्शन में विभिन्न एजेंडा पर चर्चा की गई। बैठक में शासकीय योजनाओं की समीक्षा एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति, तान्तया मामा आर्थिक कल्याण, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, संत रविदास रोजगार योजना, डॉ आंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना एवं प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना आदि योजनाओं की बैंकवार समीक्षा की गई। जिसमें निर्देशित किया गया कि शासन की मंनसा अनुसार एवं कलेक्टर महोदय के निर्देश पर हितग्राही मूलक योजनाओ में सभी बैंकर्स शत प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करें जिससे बेरोजगारों को लाभ मिल सके। इसके साथ ही वित्तीय समावेशन, संतृप्ति अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, ब्याज सब्सिडी एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैंकवार की गई और सभी बैंकर्स को निर्देश दिए गए कि समय सीमा में शिकायतों का निराकरण



करें। इसके पश्चात आजीविका मिशन, पशुपालन, उद्यानिकी विभाग के श्रण प्रकरण की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जबेरा जनपद पंचायत सीईओ डॉक्टर रामेश्वर पटेल ने सभी बैंकर्स से कहा कि पात्रता पूरी करने वाले समूहों और हितग्राहियों का समय सीमा में श्रण स्वीकृत कर उसका निराकरण कराये जिससे वह अपनी गतिविधि प्रारंभ कर सकें। बैठक के दौरान आजीविका मिशन के द्वारा जबेरा विकासखंड के चुनिंदा समूहों की सफलता की कहानी पर आधारित आजीविका पथ पुस्तिका का जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल और एलडीएम हेमंत कुमार के द्वारा विमोचन की किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा ने आजीविका पथ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजीविका गतिविधि करने से जहां गरीबी दूर होती है वही समूह और महिला की पहचान बनती है। बैठक में आजीविका मिशन से अजय शुक्ला, दीपक सोनी, अभिषेक कोस्टा के अलावा मिशन द्वारा सभी बैंकों में नियुक्त बैंक सखी उपस्थित रही। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक जबेरा प्रबंधक अभिषेक रंजन, यूनियन बैंक प्रबंधक गुबराकला दीपक श्रीवास्तव, यूनियन बैंक नोहटा प्रबंधक स्वतंत्र सक्सेना, विनीत कुमार जैन, नीरज पारथी, अमन राय, शशांक राय, महेंद्र तेकाम सहित सभी ग्रामीण प्रबंधन की सक्रिय भागीदारी रही।

## नि:शुल्क फिजियोथेरेपी चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन



**दमोह ।** विवेकानंद नगर स्थित दमोह फिजियोथेरेपी क्लिनिक (डॉ. गांगरा) में जैन मिलन जिनवाणी शाखा नेमीनगर द्वारा निशुल्क फिजियोथेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा बड़े बाबा–छोटे बाबा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं भगवान महावीर स्वामी की प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम में नेमीनगर जैन मंदिर अध्यक्ष रतनचंद जैन, जैन मिलन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अति वीर दिलेश चौधरी, क्षेत्रीय संयोजक अति वीर श्री सुधीर जैन, नगर प्रमुख अध्यक्ष अति वीर मुकेश जैन, वरिष्ठ शाखा उपाध्यक्ष अति वीर डॉ. आर.के. जैन एवं अति वीर डॉ. राजेंद्र गांगरा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत नेमीनगर शाखा की वीरांगनाओं द्वारा किया गया। शिविर में फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. रजनीश गांगरा एवं डॉ. प्रिया गांगरा द्वारा सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक कुल 171 मरीजों का उपचार किया गया। इसमें सर्वाइकल, कंधा, कमर, घुटना, साइटिका, स्लिप डिस्क, नस दर्द सहित विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों को लाभ मिला। इस सेवा कार्य में जैन मिलन जिनवाणी शाखा नेमीनगर दमोह की अध्यक्ष वीरांगना वंदना जैन सहित समस्त वीरांगनाओं का विशेष सहयोग रहा। अंत में डॉ. रजनीश गांगरा ने सभी अतिथियों एवं जैन मिलन जिनवाणी शाखा नेमीनगर का आभार व्यक्त किया।

## स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में हुआ फल वितरण



**जबेरा।** जबेरा नगर के प्रतिष्ठित डॉक्टर स्वर्गीय हुकमचंद जैन की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उनके पुत्र डॉ संजय जैन व पुत्रवधू शालिनी जैन सहित ग्रामवासियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर फल वितरण का कार्यक्रम किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में बीएमओ डॉक्टर डीके राय, पंडित गोविंद तिवारी, रविशंकर बाजपेई,मोंटू बाजपेई, जैन समाज के अध्यक्ष अनिल चौधरी,डॉ मनोज जैन,सुधीर सत्कार,राजा जैन,मयंक जैन, अशोक आर्य,जगन्नाथ झारिया की उपस्थिति रही। इसके उपरांत दोपहर में डॉ संजय जैन के प्रयासों से सेल्वी हॉस्पिटल के द्वारा जैन धर्मशाला में नि:शुल्क परामर्श जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नि:शुल्क बीएमडी,बीपी,शुगर, ईसीजी की जांच की गई। जबलपुर से विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति में जांच की गई।जांच के उपरांत मरीजों को दवाइयां भी नि: शुल्क वितरित की गई।शिविर में मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के पिता भाव सिंह लोधी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने स्वयं भी जांच करवाते हुए शिविर का लाभ लिया। शिविर में करीब 120 लोगों ने अपनी जांच करवाई व उन्हें नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गई।

## रैन बसेरा में मनाया जन्मदिन

दमोह। उम्मीद टीम के सक्रिय सदस्य दीपक सिंह राजपूत ने अपना जन्म दिवस जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित रैन बसेरा में अपना जन्म दिवस मनाया, जिसमें टीम उम्मीद एवं दमोह के ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल जी एवं जन अभियान परिषद के जिला कोऑर्डिनेटर सुशील नामदेव की गरिमामयी उपस्थिति रही। टीम उम्मीद के सक्रिय कार्यकर्ता दीपक सिंह राजपूत का जन्म दिवस सर्किट हाउस नुमा जन्मदिवस केक जिसमें गोगा नशे के रैपर, शराब की बाटले, सिगरेट, गुटके, चिप्स के पाउच, पानी की बाटल आदि आपत्तिजनक सामग्री दिखाई गई एवं उसे साफ कर दीपक जी ने अपना जन्म दिवस मनाया। श्री राजपूत ने बताया कि मेरा कुछ दिन से मन बन रहा था, कि मैंने पिछले वर्ष अपना जन्म दिवस वृद्ध आश्रम में बुजुर्ग माता-पिता समान लोगों के बीच बनाया था, इस बार मैं अपना जन्म दिवस रेन बसेरा दमोह में जो गरीब निराशिरित लोग



आते हैं, उनके बीच रहकर रेन बसेरा जो दमोह जिले के कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जी की देन है। यह पहले बंद रहता था और यहां अव्यवस्थाएं रहती थी। लोग नशा करते थे, पर कलेक्टर सर के मॉनिटरिंग में यह रेन बसेरा चालू हुआ और इस समय 40 बेड है, जिसमें से 20 बेड पुरुषों के लिए एवं 20 बेड अलग महिलाओं के लिए हैं। उद्देश्य यही है कि शासन की मनसा अनुसार यह रेन बसेरा अब संचालित हो रहा है, जिसमें यहां के जो राहगीर या नागरिक जिन्हे ठंडी में यदि कहीं कोई व्यवस्था नहीं होती, तो वह रेन बसेरा में आकर के निःशुल्क रख सकते हैं, यहां सोने के लिए, पानी पीने एवं फ्रेश होने के लिए सभी व्यवस्थाएं कलेक्टर महोदय के निर्देशन में की गई है। आप सभी हमारे जन्म दिवस पर आए, आप सभी का बहुत-बहुत आभार हम सभी का सपना है कि हमारा दमोह सुंदर और स्वस्थ बने, उक्त कार्यक्रम में समस्त उम्मीद टीम के कार्यकर्ता एवं जिला चिकित्सालय के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे ।

## बाल विवाह के विरूद्ध शपथ दिलाई

**हिण्डोरिया।** बाल विवाह के विरुद्ध भारत सरकार के भारत देश मे संचालित 100 दिवसीय अभियान के अन्तर्गत संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह के व्दारा एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत स्थानीय कुमुद करमरकर इंग्लिश मीडियम स्कूल में राष्ट्रीय निर्भया दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय विशिष्ट अतिथि प्रेम नारायण प्यासी, संस्था के जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे, संदीप जोशी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन संस्था के कार्यकर्ता सुजात खान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों व्दारा मां सरस्वती जी, महात्मा गॉधी जी, बाबा साहेब



डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये गुलाल लगाकर स्व. बेटी निर्भया को श्रृध्दांजलि अर्पित कर की गई। साथ ही बाल विवाह के विरुद्ध सामुहिक शपथ भी दिलाई गई।इस मौके पर किशोरी शक्ति दल एवं शाला की बच्चियों के व्दारा निर्भया दिवस पर गीत एवं भाषण प्रस्तुत किये गये। टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय ने निर्भया के जीवन, संघर्ष एवं इसके बाद हुये संशोधित बाल अपराध-महिला हिंसा रोकथाम कानून, साईबर क्राईम, यातायात नियमों, बाल अपराधों आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री उपाध्याय ने कहा कि महिला हिंसा एवं बाल अपराधों को रोकने पुलिस हमेशा आप सभी के साथ खडी है। देवेन्द्र दुबे ने संस्था के बाल अधिकारों , बाल अपराध रोकथाम एवं बाल विवाह रोकने जारी अभियान तथा बाल संरक्षण के लिये जारी संस्था के प्रयासों पर रोशनी डाली। और कहा कि हम सबको मिलकर वर्ष 2030 तक दमोह जिला सहित पूरे देश को बाल विवाह मुक्त बनाने संकल्पित होना है। निर्भया दिवस पर प्रेम नारायण प्यासी, संदीप जोशी आदि ने भी प्रकाश डाला। इस मौके पर टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय, नगर सेवा समिति, कुमुद करमरकर इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रमुखों के अलावा किशोरी शक्ति दल की साक्षी अग्रवाल, तान्या बाल्मिक, अंबिका सिंह, अभिनव वर्मा, सौम्या ठाकुर, जानबी साहू, साहिबा खान, सीमा ठाकुर, रागिनी राजपूत आदि को भी संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। आयोजन में बीरेन्द्र दुबे, संदीप बौद्ध, नरेश साहू, शुभम सिहं राजपूत के अलावा शाला के शिक्षक गण अजय ठाकुर, रजनी ठाकुर, रीता चौरसिया, उमा वर्मा, सानिया अग्रवाल ,भारती चौरसिया ,पुष्पा नामदेव, रेखा ठाकुर, दुर्गेश्वरी चौधरी, आरिफा खान, निज अख्तर,जमुना ठाकुर सोना चौरसिया, प्राची साहू आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रदर्शन वाला प्रमुख संदीप जोशी व्दारा किया गया।

खबर संक्षेप

### पंचायत उप-निर्वाचन 2025 के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशों के तहत जिला दमोह में पंचायत उपनिर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-10 कुम्हारी एवं विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान तथा विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोराकला के सरपंच पद निर्वाचन के पर्यवेक्षण हेतु प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। म.प्र. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुसार आईएएस सेवानिवृत्त शैलेन्द्र कियावत, निवासी 2/287 अरेरा कॉलोनी, भोपाल-462016 को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। निर्देशानुसार प्रेक्षक प्रथम चरण में 16 से 20 दिसंबर तक तथा द्वितीय चरण में 28 दिसंबर से 05 जनवरी तक जिला प्रवास पर रहेंगे।

### 19 दिसम्बर को सन्देश चादर नगर गश्त करेगी

**हिण्डोरिया।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हजरत ख्वाजा गरीब नवाज रहमतुल्ला अलेय के 814 वां उर्स शरीफ के मौके पर नगर में संदली चादर निकाली जाएगी। इस सम्बन्ध में नव गठित हजरत ख्वाजा गरीब नवाज कमेटी के सदर सलामत खान,उपाध्यक्ष वारिश खान, जैकी खान, असद खान, बसीम कुरैशी, गोलू खान कोषाध्यक्ष उवैश खान, अलीम रजा, सचिव जफर सेठ, मोनू शा, मुहम्मद शमीम खान आदि ने बताया कि आगामी 19 दिसंबर 2025 दिन शुक्रवार की अपरान्ह 4:00 बजे से स्थानीय खान काह नूरी फरीदी वार्ड 07 से संदली चादर उठेगी। जो पूर्व के रूट पर नगर भ्रमण करते हुए हजरत बाबा मेहबूब शाह रहमतुल्ला अलैय के मजार-परिसर में समाप्त होगी। नौजवान समिति ने सभी ख्वाजा गरीब नवाज के चाहने वालों से संदली चादर शरीफ में बड़ी संख्या में शिरकत करने की गुजारिश की है।

### 273 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह ।** जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये नागरिकों की समस्याओं को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 273 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 20 आधार अपडेशन, 19 राजस्व, 04 आयुष्मान कार्ड, 12 आंगनवाड़ी, 04 किसान, 02 अनाथ बच्चे एवं 210 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवेदन भी दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर छोटे सिंह गोस्वामी, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले की ग्राम कुम्हारी, बांदकपुर सहित चिन्हित 25 पंचायतों में जनसुनवाई के दौरान 31 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें सभी का शत-प्रतिशत निराकरण हो गया।

### हत्याकांड से गांव में सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

# घर के सामने युवक की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमरा मडिया में सोमवार देर रात 24 वर्षीय छत्रपाल सिंह लोधी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। मृतक युवक घर के सामने आग सेक रहा था कि इसी बीच अज्ञात व्यक्तियों ने किसी भयंकर धारदार हथियार से उसकी गर्दन पर हमला किया जिससे गर्दन आधे से अधिक कट गई और युवक मौके पर ही घायल अवस्था में लहूलुहान होकर गिर पड़ा। सुबह ग्रामीणों ने शव देखा और परिजनों को सूचना दी देखते ही देखते गांव में हड़कंप मच गया परिजन मौके पर पहुंचे और बेटे की लाश देखकर बेहाल हो गए तत्पश्चात नोहटा पुलिस को सूचना दी गई।







रात के समय होने के कारण तत्काल कार्रवाई संभव नहीं हो पाई लेकिन मंगलवार सुबह नोहटा, जबेरा और तेजगढ़ थानों के थाना प्रभारी और एसडीओपी देवीसिंह, पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी और एफएसएल टीम मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

घटना स्थल पर युवक के पास मोबाइल भी पड़ा मिला और आलाव के आसपास खून बिखरा था पुलिस ने बताया कि हत्या का कारण फिलहाल अज्ञात है और आरोपियों की तलाश जारी है।

जानकारी के अनुसार मृतक छत्रपाल सिंह लोधी तीन भाईयों में मंझला था और किसानी करता था वह अभी अविवाहित था कुछ समय पहले गांव के ही एक व्यक्ति से उसका विवाद भी चल रहा था जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिषेक पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली वर्तमान में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। एसपी सोमवंशी ने कहा कि युवक की हत्या अज्ञात लोगों ने की है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

ग्रामीणों ने बताया कि घटना के समय पूरा गांव दहशत में था और शव देखकर हर कोई स्तब्ध रह गया है। पुलिस अब हर एंगल से मामले की जांच कर रही है ताकि अपराधियों को जल्दी से जल्दी न्याय के कटघरे में लाया जा सके।

# गर्भवती को लौटाने का मामला: कलेक्टर के संज्ञान के बाद हरकत में स्वास्थ्य अमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

रनेह आरोग्यम स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। इस घटना ने ग्रामीण अंचल की चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम रनेह निवासी रामप्यारी रैकवार 27 वर्ष पति खेमचंद्र रैकवार, को देर रात प्रसव पीड़ा होने पर परिजन तत्काल रनेह स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुँचे। जिस पर उपस्थित गार्ड ने बताया कि स्टाफ नर्स अस्वस्थ होने के कारण कोई स्टाफ ड्यूटी पर नहीं है। समय पर उपचार न मिलने के कारण परिजन गर्भवती महिला को वापस घर ले जाने को मजबूर हुए। इसी दौरान रास्ते में ही महिला की डिलीवरी हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार सदमे में आ गया। हालांकि गनीमत यह रही कि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं, अन्यथा यह लापरवाही किसी बड़े हादसे में बदल सकती थी। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी गर्भवती महिला को इस तरह की अमानवीय स्थिति का सामना न करना पड़े। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर दमोह ने तत्काल संज्ञान लिया और जच्चा-बच्चा को अस्पताल शिफ्ट कराने तथा पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर बीएमओ उमाशंकर पटेल मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे अस्पताल पहुँचे। स्टाफ से घटना की जानकारी हासिल कर गर्भवती महिला के परिजनों से संपर्क कर जच्चा-बच्चा को स्वास्थ केंद्र में भर्ती किया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से जहाँ पीड़ित परिवार को राहत मिली है, वहीं अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट और दोषियों पर होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

#### इनका कहना है

मुझे सुबह 5 बजे फोन पर जानकारी मिली कि रनेह स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला स्वास्थ्य केंद्र पहुंची मगर वहां गार्ड के अलावा कोई भी कर्मचारी नहीं मिला स्वाभाविक है की जो व्यक्ति कलेक्टर को फोन कर सकता है तो उसने निश्चित रूप से डॉक्टर, नर्स, आशा कार्यकर्ता को फोन किया होगा। कर्मचारियों की घोर लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सुधीर कुमार कोचर, कलेक्टर**

संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं तथा मामले की जांच जारी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**उमाशंकर पटेल, प्रभारी बीएमओ**

### तारादेही मुख्य बस स्टेड को दुकान में लगी सामग्री हो गई राख

# अज्ञात कारणों से इलेक्ट्रानिक दुकान में आग से लाखों की सामग्री जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तारादेही



तारादेही मुख्य स्टेड पर संचालित एक इलेक्टनिक दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग कैसे लगी इसकी कोई जानकारी अभी तक स्पष्ट रूप से तय नहीं हुई है मगर फूलने रखी सामग्री जलकर पूरी राख हो गई है। मौजूद लोगों ने बताया पुरन विश्वकर्मा की दुकान में आग लगी थी और उसकी दुकान ग्राम तारादेही में सबसे बड़ी दुकान थी जिसमें करीब तीस से पैंतीस लाख की सामग्री रखी हुई थी। आग की घटना उस समय पता चली जब पूरन विश्वकर्मा मंगलवार की सुबह सुबह दुकान खोलने आया तो दुकान के अंदर धुआं भरा हुआ था और रखी सामग्री पूरी जलकर राख बनकर जमीन पर पड़ी थी। आग पर काबू करने के लिए जमीनी स्तर पर आसपास के पानी का उपयोग किया गया किंतु दुकान बड़ी थी और आग पर काबू करना संभव नहीं था। इसलिए फायरविजेट वाहन को बुलाया गया। वाहन ने तारादेही पहुंचकर आग पर काबू किया और जब दुकानदार सहित ग्राम के लोगों ने मौके पर जाकर देखा तो रखी सामग्री पूरी तरह जलकर राख में बदल चुकी थी।

#### ये जल गई सामग्री

पुरन विश्वकर्मा का निवास सेवासहकारी समिति बैंक के पास है सोमवार की रात वह अपनी दुकान अन्य दिनों भी भाती बंद करके गये थे परंतु मंगलवार को जब उन्होंने दुकान खोली तो उसमें आग लग गई थी। तारादेही के पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन बड़कुल ने बताया कि पुरन विश्वकर्मा की दुकान तारादेही की चर्चित दुकान थी। उनकी दुकान में एंड्रॉयड फोन कुलर पंखे साउंड सिस्टम के अलावा अन्य सामग्री बड़ी तादत में रखी थी जो आग लगाने से पूरी जल गई साथ की कृषि सामग्री पांच लाख के लगभग डोरी रखी हुई थी यह सभी सामग्री आग लगाने के बाद राख में बदल गई।

#### दर्जन भर कमरों में फैली आग

प्रिंस विश्वकर्मा ने बताया पूरा परिवार दुकान से फिर रहता है और जिन कमरों में दुकान संचालित होती हैं वह पर बारह कमरे हैं आग लगाने के बाद सभी कमरों में दुकान की सामग्री रखी थी जो जलकर राख हो गई। सूचना मिलने के बाद तारादेही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और नुकसानी पंचनामा बनाया। तारादेही थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक मुकुल रावत ने बताया सोमवार मंगलवार की रात अज्ञात कारणों से पूरन विश्वकर्मा की इलेक्टनिक सामग्री दुकान में आग लगाने से पूरी सामग्री जलकर राख हो गई। मौका स्थल पंचनामा के बाद आगजनी का मामला दर्ज किया गया है 26 लाख के करीब आग लगने से दुकान में नुक्सान हुआ है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना कुम्हारी का वार्षिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा थाना कुम्हारी का वार्षिक निरीक्षण किया गया, जिसमें थाना भवन, अभिलेखों के रखरखाव, लंबित प्रकरणों की स्थिति एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी एवं स्टाफ को अपराध नियंत्रण, पीड़ित उन्मुख पुलिसिंग और जनता से बेहतर संवाद हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर डायल 112 वाहनों एवं रिस्पॉन्स सिस्टम का भी जायज़ा लिया और त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित करने के लिए कर्मियों की तत्परता की जाँच की। अधिकारियों और स्टाफ को निर्देशित किया गया कि किसी भी आपातकालीन कॉल पर न्यूनतम समय में घटनास्थल पर पहुँचकर नागरिकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए, तथा प्राप्त शिकायतों का संपूर्ण व पारदर्शी निराकरण किया जाए।

#### 1000 LIVES अभियान के तहत हेलमेट वितरण

निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान "1000 LIVES" सड़क सुरक्षा अभियान के तहत थाना क्षेत्र के दोपहिया वाहन चालकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए और उन्हें यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य हेलमेट को जीवन रक्षक आदत के रूप में बढ़ावा देना और सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर चोटों एवं मौतों की संख्या को कम करना है।

#### सड़क सुरक्षा संबंधी अपील

पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं भी हेलमेट, सीट बेल्ट एवं गति सीमा जैसे नियमों का पालन करें और अपने परिवार के सदस्यों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि दमोह पुलिस द्वारा चलाया जा रहा 1000 **LIVES** अभियान जनसहयोग के साथ एक व्यापक सड़क सुरक्षा आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रहा है, जिसमें प्रत्येक जागरूक नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

# कुम्हारी जिपं सदस्य निर्वाचन: सभी नामांकन पत्र स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नामांकन पत्रों की समीक्षा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सेवानिवृत्त आईएएस शैलेन्द्र कियावत एवं उपस्थित अभ्यर्थियों/प्रस्तावकों के समक्ष प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 12:25 बजे समाप्त हुई। समीक्षा के दौरान कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत उप निर्वाचन सुधीर कुमार कोचर द्वारा एक-एक अभ्यर्थी के नामांकन पत्रों की विधिवत जांच की जिनकी उद्घोषणा लाउड स्पीकर के द्वारा भी की गई थी। नामांकन पत्र विधि मान्य होने से सभी 16 नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए। समीक्षा के दौरान किसी भी अभ्यर्थी प्रस्तावक द्वारा कोई भी आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। अब देखना होगा कि कल तक कौ प्रत्याशी अपना नाम वापिस लेता है जिसके बाद ही चुनाव की तस्वीर साफ हो सकेगी।

# अवैध उत्खनन पर कार्रवाई

### जेसीबी, डंपर सहित ट्रेक्टर ट्राली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में जिले में खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया इसी क्रम में 16 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तहसील पटेरा के ग्राम मोहस में हनुमान मंदिर के पीछे स्थित एक भूमि पर मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। मौके पर पीले रंग की बिना नंबर की जेसीबी मशीन मिट्टी के अवैध उत्खनन में संलिप्त पाई गई, जिसे जब्त कर थाना परिसर कुम्हारी में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया है। उन्होने बताया प्रकरण में खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

इसी क्रम में 16 दिसम्बर को समय 3:50 बजे तहसील पटेरा अंतर्गत हटा तिराहा पर डंपर क्रमांक MP34H0659 को रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। कार्रवाई करते हुए डंपर को जब्त कर थाना पटेरा में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया है।

इसी क्रम में 15 दिसम्बर को समय लगभग 4 बजे ग्राम चैनपुरा हिनगवानी रोड पर बिना नम्बर का स्वराज ट्रेक्टर ट्राली द्वारा अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। जिसे जप्त कर नरसिंहगढ मे रखवाया गया है। उन्होने बताया प्रकरण मे गौण खनिज नियमो के तहत कार्रवाई की जावेगी। जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

# गंभीर मारपीट प्रकरण में तीन आरोपी दोषी, अलग-अलग कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

न्यायाधीश संतोष कुमार गुप्ता की अदालत ने गंभीर मारपीट के एक मामले में तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए भादवि की विभिन्न धाराओं के तहत अलग-अलग अवधि के कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में म.प्र शासन की ओर से पैरवी सरकारी वकील राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई।

अदालत ने आरोपी नरेंद्र उर्फ बाबू (21) पिता चन्नू अहिरवार को भादवि की धारा 326 के तहत तीन वर्ष का सश्रम कारावास, आरोपी रामू (29) पिता चन्नू अहिरवार को धारा 324 के तहत एक वर्ष का सश्रम कारावास तथा आरोपी वीरेंद्र उर्फ वीरू (24) पिता शंकर अहिरवार को धारा 323 के अंतर्गत पूर्व से जेल में बिताए 73 दिवस के कारावास से दंडित किया। साथ ही सभी आरोपियों पर कुल 2 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

अभियोजन के अनुसार, घटना दिनांक 6 फरवरी 2023 की है। थाना पथरिया अंतर्गत ग्राम सेमरा हजारी निवासी मोहन अहिरवार गांव में कथा सुनकर शाम करीब 7 बजे घर लौट रहा था। रास्ते में उसे आरोपी नरेंद्र उर्फ बाबू अहिरवार बीड़ी पीते हुए मिला। मोहन द्वारा बीड़ी पीने से मना करने पर नरेंद्र ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मोहन के चिल्लाने पर उसके रिश्तेदार रामेश्वर, बृजेश, महारानी और लखन मौके पर पहुंचे। तभी आरोपी नरेंद्र का भाई रामू तथा रिश्तेदार वीरेंद्र उर्फ वीरू वहां आए और कुल्हाड़ी, लाठी व लात-घूंसों से सभी के साथ मारपीट की। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

मारपीट में घायल सभी लोग इलाज के लिए पथरिया अस्पताल पहुंचे, जहां पुलिस ने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना उपरांत प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत हुआ। अभियोजन पक्ष ने मामले में 12 साक्षी प्रस्तुत किए। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि सभी साक्षी आपस में रिश्तेदार हैं, उनके कथनों में विरोधाभास है तथा पूर्व से बुराई होने के कारण आरोपियों को झूठा फंसाया गया है। इस पर न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि मात्र साक्षियों के रिश्तेदार होने से पूरे मामले को झूठा नहीं माना जा सकता। बुराई के आधार पर अभियोजन साक्ष्य को अविश्वसनीय ठहराना उचित नहीं है। न्यायालय ने यह भी कहा कि इतनी गंभीर चोटों के बाद वास्तविक अपराधियों को छोड़कर किसी अन्य को झूठा फंसाने की संभावना नहीं रहती। साक्ष्यों में मामूली विरोधाभास समयांतराल, स्मरण शक्ति और निरीक्षण क्षमता के अंतर के कारण स्वाभाविक हैं। इन तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उपरोक्त सजा सुनाई।

# शिक्षा गरीबी हटाने का सबसे अच्छा माध्यम - न्यायाधीश




**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में जे.पी.बी. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में मूल कर्त्तव्य व अधिकारी विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश पंकज शर्मा, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य डी.के. मिश्रा, शिक्षक शरद मिश्रा सहित छात्रायें उपस्थित रहीं। उक्त आयोजित शिविर में जिला न्यायाधीश पंकज शर्मा ने संविधान में वर्णित 11 मूल कर्त्तव्यों की विस्तृत व्याख्या करते हुये कहा कि हर नागरिक संविधान द्वारा अधिरोपित मूल कर्त्तव्यों का पालन सुनिष्चित कर लेवे, तो देश में अपराध नगण्य हो जायेंगे। आपने उपस्थित छात्राओं से कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम जिससे गरीबी व अज्ञानता दूर हो सकती है। साथ ही आपने छात्राओं को मौलिक अधिकार, पाक्सो एक्ट व सोशल मीडिया के सदुपयोग से संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुये बताया कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकार का प्रयोग करते समय कर्त्तव्यों से विमुख नही होना चाहिये। साथ ही आपने रैगिंग, निःशुल्क हेल्पलाईन 15100 के संबंध में जानकारी दी।

कार्यक्रम में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरूष्कृत भी किया गया। पोस्टर निर्माण में प्रथम स्थान कु. जानकी पटैल , द्वितीय स्थान कु. शालिनी द्विवेदी, तृतीय स्थान कु. मीना पटैल, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. साबिया खान, द्वितीय स्थान कु. राजनंदिनी नामदेव, तृतीय स्थान कु. सरस्वती पटैल रही। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार शरद मिश्रा द्वारा किया गया।

# तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवरों को मारी टक्कर, दो गंभीर रूप से घायल

**अजबधाम।** बटियागढ़ ब्लाक के फतेहपुर चौकी क्षेत्र में फतेहपुर बस स्टैंड पर तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक चालक और गौवंश को टक्कर मार दीहादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हुए जिनें कल्लन रजक उम्र 70 वर्ष, डल्लू अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी अजब धाम शामिल है जिन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल हटा भेजा गया। घटना के बाद गुस्साये ग्रामीणों ने पुलिस चौकी पंहुचकर कार्यवाही की मांग की। बड़ी संख्या मे ग्रामीण चौकी पँहुचे व हाईवा चालक को पकड़वाने की मांग की। आरोप है कि हाईवा चालक शराब के नशे में था जिसने बाइक सवारो को टक्कर मारी और सड़क पर गौवंशो को भी टक्कर मारी। डम्पर गाड़ी क्रमांक **MP**34 **H** 0545 को चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह ने जब्त कर लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। उल्लेखनी है कि बस स्टैंड पर स्पीड ब्रेकर ना होने की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं जिसकी खबर प्रकाशित होने के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं जाता है।

